# भारतीय महिलाओं का जलवा, श्रीलंका को दी मात

## अमनजोत और दीप्ति के अर्धशतक






■ गुवाहाटी, एजेंसियां. अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा के अर्धशतक के बाद भारत ने अपने स्पिनरों के फिरकी के जादू की बदौलत मंगलवार को यहां वर्षा से प्रभावित आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के 47 ओवर के उद्घाटन मैच में श्रीलंका को डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 59 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की. डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत भारत के 271 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम ऑफ स्पिनरों दीप्ति (54 रन पर तीन विकेट) और स्नेह राणा (32 रन पर दो विकेट) तथा बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (37 रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने 45.4 ओवर में 211 रन पर सिमट गई. कप्तान चामरी अटापट्टू 43 रन बनाकर टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि निलाक्षिका सिल्वा ने 35 रन बनाए. भारत इससे पहले दो ओवर में चार विकेट गंवाने के बाद एक समय छह विकेट पर 124 रन बनाकर मुश्किल में था, लेकिन अमनजोत (57 रन, 56 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) और दीप्ति (53 रन, 53 गेंद, तीन चौके) ने सातवें विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी करके भारत को आठ विकेट पर 269 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया.

### हरलीन देओल के आक्रामक 48 रन

हरलीन देओल (48 रन, 64 गेंद, छह चौके) ने भी उम्दा पारी खेली. भारतीय पारी के दौरान कई बार बारिश का खलल पड़ा जिससे मुकाबले को 47 ओवर का कर दिया गया. लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने 10 ओवर में एक विकेट पर 49 रन बनाकर सतर्क शुरुआत की. कप्तान अटापट्टू (43) शुरू से ही अच्छी लय में नजर आई.

### स्कोर बोर्ड

**भारत**

| | | |
|---|---|---|
| रावल | का गुणारत्ने बो रणवीरा | 37 |
| मानधना | का गुणारत्ने बो प्रबोधिनी | 08 |
| देओल | का कविशा बो रणवीरा | 48 |
| हरमनप्रीत | का अनुष्का बो रणवीरा | 21 |
| रोड्रिग्स | बो रणवीरा | 00 |
| दीप्ति | का सुगंदिका बो कुलसूर्या | 53 |
| रिचा | का प्रबोधिनी बो अटापट्टू | 02 |
| अमनजोत | का गुणारत्ने बो प्रबोधिनी | 57 |
| स्नेह | नाबाद | 28 |

अतिरिक्त : 15 रन | कुल : 47 ओवर में 269 रन

| गेंदबाजी | ओ. | मे. | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| कुलसूर्या | 8 | 0 | 42 | 1 |
| प्रबोधिनी | 10 | 1 | 55 | 2 |
| सुगंदिका | 9 | 0 | 46 | 0 |
| कविशा | 8 | 0 | 51 | 0 |
| रणवीरा | 9 | 0 | 46 | 4 |
| अटापट्टू | 3 | 0 | 24 | 1 |

**श्रीलंका**

| | | |
|---|---|---|
| परेरा | बो क्रांति | 14 |
| अटापट्टू | बो दीप्ति | 43 |
| समरविक्रम | पगबधा बो चरणी | 29 |
| गुणारत्ने | पगबाधा बो अमनजोत | 11 |
| दिलहारी | का ऋचा बो दीप्ति | 15 |
| सिल्वा | बो स्नेह | 35 |
| संजीवनी | का हरमनप्रीत बो दीप्ति | 06 |
| सुगंदिका | बो स्नेह | 10 |
| कुलसूर्या | का स्मृति बो चरणी | 17 |
| प्रबोधनी | नाबाद | 14 |
| रणवीरा | पगबाधा बो प्रतीका | 03 |

अतिरिक्त : 14 रन | कुल : 45.4 ओवर में 211 रन

| गेंदबाजी | ओ. | मे. | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| क्रांति | 9 | 0 | 41 | 1 |
| अमनजोत | 6 | 0 | 37 | 1 |
| स्नेह | 10 | 0 | 32 | 2 |
| दीप्ति | 10 | 1 | 54 | 3 |
| चरणी | 8 | 0 | 37 | 2 |
| प्रतीका | 2.4 | 0 | 6 | 1 |

### प्रशंसकों ने मनाया जश्न

बॉलीवुड गायिका श्रेया घोषाल की शानदार प्रस्तुती से 14वें महिला विश्व कप का यहां एसीए बरसापारा स्टेडियम में शानदार आगाज हुआ, जहां असम के दिवंगत गायक जुबीन गर्ग को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई .भारत-श्रीलंका मैच के मध्यांतर के दौरान घोषाल ने जुबीन को समर्पित 13 मिनट की प्रस्तुति से लगभग 25,000 दर्शकों का मन मोह लिया.

**पहला युवा टेस्ट मैच :** दीपेश ने झटके पांच विकेट, किशन कुमार को मिले 3 विकेट

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को किया ऑल आउट



■ ब्रिसबेन, एजेंसियां. तेज गेंदबाज दीपेश देवधरन के पांच विकेट से भारतीय अंडर-19 टीम ने पहले युवा टेस्ट मैच के शुरुआती दिन मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को पहली पारी में 243 रन पर आउट कर दिया. तमिलनाडु के 17 वर्षीय दीपेश ने 16.2 ओवर में 45 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि किशन कुमार ने उनका शानदार तरीके से साथ देते हुए 16 ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिये. ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 की पूरी टीम 91.2 ओवर में आउट हो गयी जिसके बाद दिन का खेल समाप्त कर दिया गया. ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के लिए तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने आये स्टीवन होगन ने एक छोर संभालते हुए 246 गेंदों पर धैर्यपूर्ण 92 रन बनाये.

### दोनों के बीच 65 रन की साझेदारी

- जेड हॉलिक ने 94 गेंद में 38 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया. दोनों ने चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी की. ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन दीपेश और किशन ने शुरुआती ओवरों में एक-एक विकेट झटक कर स्कोर को दो विकेट पर 30 रन कर दिया.
- ऑफ-स्पिनर अनमोलजीत सिंह ने कप्तान विल मालजुक (21) का विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को पहले सत्र में ही 78 पर तीन विकेट के स्कोर के साथ मुश्किल स्थिति में डाल दिया.
- इसके बाद खिलन पटेल और दीपेश ने हॉलिक और विकेटकीपर साइमन बज को पवेलियन भेज दिया जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 167 रन हो गया. ऑस्ट्रेलिया की टीम इसके बाद लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही.
- युवा टेस्ट श्रृंखला से पहले आयुष महात्रे की अगुवाई में भारतीय टीम ने युवा एकदिवसीय श्रृंखला में 3-0 से जीत दर्ज की थी. श्रृंखला का दूसरा युवा टेस्ट मैच सात से 10 अक्टूबर के बीच खेला जायेगा.

## आस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड भिड़ंत आज

**आईसीसी महिला विश्व कप**

■ इंदौर, एजेंसियां. सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में बुधवार को न्यूजीलैंड की अनुभवी टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरूआत करना चाहेगी. मौजूदा टी20 चैम्पियन न्यूजीलैंड से उसे कड़ी चुनौती मिलेगी लेकिन आस्ट्रेलिया को आंतरिक चुनौतियों से भी पार पाना होगा. आस्ट्रेलिया के पास प्रतिभा और विकल्पों की कमी नहीं है और टीम की जरूरतों के हिसाब से संतुलन बनाना सबसे बड़ी परेशानी है. बायें हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहेम अपनी अपनी चोटों से उबर चुकी हैं.

# अल्कारेज ने जीता जापान ओपन खिताब

## फ्रिट्ज को हराया



■ तोक्यो, एजेंसियां. शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्कारेज ने मंगलवार को जापान ओपन के फाइनल में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर इस साल अपना आठवां एकल खिताब जीता. अल्कारेज ने फ्रिट्ज को 6-4, 6-4 से हराकर करियर का 24वां एकल खिताब जीता.

### सत्र के अंत में नंबर 1 रैंकिंग की ओर बढ़ाए कदम

उन्हें पिछले हफ्ते लीवर कप टीम प्रतियोगिता में फ्रिट्ज के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा था. स्पेन के अल्कारेज ने मौजूदा सत्र में जीत-हार के अपने सत्र के रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए टूर का सर्वश्रेष्ठ 67-7 हासिल किया और उन्हें सत्र के अंत में नंबर एक रैंकिंग की ओर कदम बढ़ाए. तोक्यो में यह फाइनल अल्कारेज के लिए मार्च के बाद से लगातार नौवां फाइनल था. फाइनल में उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 7-2 है.

## अंतिल ने जीता तीसरा स्वर्ण



■ दिल्ली, एजेंसियां. सुमित अंतिल विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के इतिहास के सबसे सफल भारतीय खिलाड़ी बने जब उन्होंने मंगलवार को यहां अपना लगातार तीसरा भाला फेंक खिताब जीता जिससे भारत दो स्वर्ण और इतने ही रजत पदक जीतने में सफल रहा. दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की स्टैंड में मौजूदगी से उत्साहित 27 वर्षीय सुमित ने अपने पांचवें प्रयास में 71.37 मीटर के चैंपियनशिप रिकॉर्ड प्रयास के साथ पुरुषों की भाला फेंक एफ 64 स्पर्धा का खिताब जीता. उन्होंने 2023 सत्र में बनाए 70.83 मीटर के अपने ही चैंपियनशिप रिकॉर्ड को बेहतर किया लेकिन 73.29 मीटर के अपने विश्व रिकॉर्ड से लगभग दो मीटर दूर रहे जो उन्होंने 2023 एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था.

## तैराक श्रीहरि ने जीता पांचवां पदक

**एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप**

■ अहमदाबाद, एजेंसियां. स्टार भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां 11वीं एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक जीता और अपने व्यक्तिगत पदकों की संख्या को बढ़ाकर पांच कर लिया. रोहित बी बेनेडिक्ट ने भी अपनी छाप छोड़ी और पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में रजत पदक जीता, जिससे भारत के कुल पदकों की संख्या नौ हो गई है.

## दिव्या व आकांक्षा दूसरे दौर में



■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. महाराष्ट्र की आकांक्षा निटुरे और गुजरात की दिव्या भारद्वाज 30वीं फेनेस्टा ओपन नेशनल टेनिस चैंपियनशिप में महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गईं. यह टूर्नामेंट मंगलवार को दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में खेला गया. क्वालीफाइंग राउंड से मुख्य ड्रा में जगह बनाने वाली दिव्या ने अपनी विजयी लय बरकरार रखते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त महाराष्ट्र की पूजा इंगले को 6-3, 6-4 से हराया.

# तीरंदाजी के भीष्म पितामह थे मल्होत्रा



■ दिल्ली, एजेंसियां. मंझे हुए राजनीतिज्ञ होने के साथ भाजपा के अनुभवी नेता विजय कुमार मल्होत्रा काबिल खेल प्रशासक भी थे और उन्हें तीरंदाजी को देश के शीर्ष खेलों में शामिल कराने के लिये हमेशा याद रखा जायेगा. मल्होत्रा का मंगलवार को 93 वर्ष की उम्र में बढ़ती उम्र से जुड़ी बीमारियों के कारण निधन हो गया. उन्हें 2010 राष्ट्रमंडल खेल भ्रष्टाचार मामले में सुरेश कलमाड़ी के गिरफ्तार होने के बाद 26 अप्रैल 2011 से पांच दिसंबर 2012 तक भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था.

# खेल पुरस्कार: आवेदन आमंत्रित

## खेल मंत्रालय की पहल



■ दिल्ली, एजेंसियां. खेल मंत्रालय ने मंगलवार को इस साल के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिये आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी और 28 अक्टूबर को आवेदन करने की आखिरी तारीख है. खेलों में उत्कृष्टता के लिये राष्ट्रपति हर साल ये पुरस्कार देती हैं लेकिन राष्ट्रपति भवन में होने वाले समारोह की तारीख अभी तक नहीं आई है. डोपिंग उल्लंघन के मामलों में सजा पा चुके खिलाड़ी तभी पुरस्कार के पात्र होंगे जब सजा की अवधि खत्म हो चुकी हो. मंत्रालय ने कहा कि निलंबन या सजा के दौरान की उपलब्धियां नहीं गिनी जायेंगी.

## बीसीसीआई ने AGM में जताया कड़ा विरोध

**एशिया कप ट्रॉफी विवाद**

दुबई. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारत को एशिया कप की विजेता ट्रॉफी प्रदान न किए जाने पर 'कड़ा ऐतराज़' जताया, लेकिन एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी अपने रुख पर बरकरार हैं. भारत को रविवार को ट्रॉफी नहीं दी गई थी क्योंकि भारतीय टीम ने पाकिस्तान सरकार में मंत्री और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था. इस एजीएम में बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष शेलार ने किया.

## भारत ने हासिल किया स्वर्ण व रजत

दिल्ली. भारत की ईशा अनिल टकसाले और हिमांशु ने शानदार वापसी करते हुए हमवतन शंभवी एस. क्षीरसागर और नारायण प्रणव की जोड़ी को हराकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता. जबकि विनय प्रताप सिंह चंद्रावत ने पुरुषों के ट्रैप फाइनल में कांस्य पदक जीतकर भारत को कुल 23 पदक (सात स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बरकरार रखा. ईशा और हिमांशु ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के खिताबी मुकाबले में 17-15 से शंभवी और नारायण को मात दी.


**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

**भारत सरकार 03 अक्टूबर 2025 को ₹32,000 करोड़ के लिए प्रतिभूति की बिक्री की घोषणा**

भारत सरकार ने निम्नलिखित दिनांकित प्रतिभूति की बिक्री (निर्गम) की घोषणा की है:

| क्र. सं. | प्रतिभूतियों के नाम | अधिसूचित राशि सांकेतिक (₹करोड़ में) | खुदरा निवेशकों के लिए निर्धारित (₹करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1. | नई सरकारी प्रतिभूति 2035 | 32,000 | 1,600 |

स्टॉक की बिक्री 26 मार्च 2025 को जारी सामान्य अधिसूचना एफ.स.4(2)-बी(डब्ल्यूएंड एम)/2018 और इस संबंध में जारी विशिष्ट अधिसूचना में निर्दिष्ट नियम और शर्तों के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई कार्यालय, फोर्ट, मुंबई – 400001 के माध्यम से की जाएगी।

यह नीलामी **विविध मूल्य पद्धति** का प्रयोग करके **03 अक्टूबर 2025 (शुक्रवार)** को आयोजित की जाएगी। परिणाम उसी दिन घोषित किया जाएगा और सफल बोली लगाने वालों को **06 अक्टूबर 2025 (सोमवार)** को भुगतान करना होगा।

खुदरा निवेशक गैर-प्रतिस्पर्धी बोली सुविधा योजना के अनुसार गैर-प्रतिस्पर्धी आधार पर नीलामी में भाग ले सकते हैं। व्यक्तिगत निवेशक रिटेल डायरेक्ट पोर्टल **(https://rbiretaildirect.org.in)** के माध्यम से भी बोलियाँ लगा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर जारी **दिनांक 29 सितंबर 2025** की प्रेस प्रकाशनी देखें।

**सरकारी प्रतिभूतियां सुरक्षा, चलनिधि तथा दीर्घावधि के लिए आकर्षक प्रतिफल प्रदान करती हैं।**

''पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं''




THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSE ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCIBE FOR UNITS OR SECURITIES UNDER THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018 AS AMENDED ("SEBI ICDR REGULATIONS").

**NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.**

**INITIAL PUBLIC OFFERING OF EQUITY SHARES ON THE SME PLATFORM OF BSE LIMITED(AS DEFINED INTHE DRHP) IN COMPLIANCE WITH THE CHAPTER IX OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATION, 2018, AS AMENDED ("SEBI ICDR REGULATIONS")**

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

**Sai Urja Indo Ventures Limited**
**CIN:**U74900MH2012PLC231235

Our Company was incorporated as "Sai Urja Indo Ventures Private Limited" under the provisions of the Companies Act, 1956, pursuant to Certificate of Incorporation dated May 17, 2012 issued by the Registrar of Companies, Maharashtra, Mumbai. Upon the conversion of our Company into a public limited company under the provisions of the Companies Act pursuant to a resolution passed by our Board on January 13, 2025 and by our Shareholders on January 14, 2025, the name of our Company was changed to "Sai Urja Indo Ventures Limited" and a fresh Certificate of Incorporation dated February 06, 2025 was issued by the Registrar of Companies, Central Processing Centre bearing CIN U74900MH2012PLC231235. The registered office of our company is situated at UG-2 Office Floor, J. K. Complex, Nanaji Nagar Nagpur Road, Chandrapur, Maharashtra, India, 442401. For further details of our Company, please refer to chapter titled "*General Information*" and "*History and Corporate Structure*"beginning on page 90 and 219 respectively of this Draft Red Herring ProspectusSeptember 29, 2025.

**Registered Office:**UG-2 Office Floor, J. K. Complex, Nanaji Nagar Nagpur Road, Chandrapur, Chandrapur, Maharashtra, India, 442401
**Corporate Office:**Shop No G 14 and G 15 Jayanti Nagari IV, BesaRoad Manish Nagar, Besa Road, Nagpur, Maharashtra, India, 440037
**Telephone:** +919960815166; **E-mail**:headoffice@suiv.co.in;**Website**: https://suiv.co.in/;
**Contact Person:**Nikesh Subhash Zade, Company Secretary and Compliance officer

**THE PROMOTERS OF OUR COMPANY ARE HARSH AJAYKUMAR MITTAL AND SANTOSH AJAY KUMAR MITTAL**

INITIAL PUBLIC OFFER OF UP TO 33,78,000 EQUITY SHARES FACE VALUE OF RS. 10/- EACHOF SAI URJA INDO VENTURES LIMITED FOR CASH AT AN OFFER PRICE OF RS. [•] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE), AGGREGATING UP TO RS. [•] LAKHS, COMPRISING OF A FRESH ISSUE OF UP TO 30,66,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS.10/- EACH AGGREGATING TO RS. [•] LAKHS BY OUR COMPANY AND AN OFFER FOR SALE OF UP TO 3,12,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS.10/-EACH BY SANTOSH AJAY KUMAR MITTAL AND HARSH AJAYKUMAR MITTALAGGREGATING (PROMOTER SELLING SHAREHOLDERS)UP TO RS. [•] LAKHS OUT OF THE OFFER UP TO [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE RS. 10/- EACH, AT AN OFFER PRICE OF RS. [•] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING TO RS. [•] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE OFFER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE OFFER LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. OFFER OF [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS. 10/- EACH, AT AN OFFER PRICE OF RS. [•] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING TO RS. [•] LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET OFFER". THE OFFER AND THE NET OFFER WILL CONSTITUTE [•] % AND [•] %, RESPECTIVELY OF THE POST OFFER PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. FOR FURTHER DETAILS, PLEASE REFER TO SECTION TITLED "*TERMS OF THE OFFER*" BEGINNING ON PAGE 371 OF DRAFT RED HERRING PROSPECTUS.

THE PRICE BAND AND THE MINIMUM BID LOT WILL BE DECIDED BY OUR COMPANY IN CONSULTATION WITH THE BOOK RUNNING LEAD MANAGER ("BRLM") AND WILL BE ADVERTISED[•] IN ALL EDITIONS OF [•], [+] (A WIDELY CIRCULATED ENGLISH NATIONAL DAILY NEWSPAPER) AND [+] (A WIDELY CIRCULATED HINDI NATIONAL DAILY NEWSPAPER) AND [+] (A WIDELY CIRCULATED MARATHI NATIONAL DAILY NEWSPAPER) WHERE OUR REGISTERED OFFICE IS LOCATED), AT LEAST TWO WORKING DAYS PRIOR TO THE BID/OFFER OPENING DATE AND SHALL BE MADE AVAILABLE TO THE SME PLATFORM OF BSE LIMITED ("BSE SME") FOR THE PURPOSES OF UPLOADING ON THEIR RESPECTIVE WEBSITES IN ACCORDANCE WITH SEBI ICDR REGULATIONS.

IN CASE OF ANY REVISION TO THE PRICE BAND, THE BID/ OFFER PERIOD WILL BE EXTENDED BY AT LEAST THREE ADDITIONAL WORKING DAYS FOLLOWING SUCH REVISION OF THE PRICE BAND, SUBJECT TO THE BID/ OFFER PERIOD NOT EXCEEDING 10 WORKING DAYS. IN CASES OF FORCE MAJEURE, BANKING STRIKE OR SIMILAR UNFORESEEN CIRCUMSTANCES, OUR COMPANY, IN CONSULTATION WITH THE BOOK RUNNING LEAD MANAGERS, FOR REASONS TO BE RECORDED IN WRITING, EXTEND THE BID/ OFFER PERIOD FOR A MINIMUM OF ONE WORKING DAYS, SUBJECT TO THE BID/ OFFER PERIOD NOT EXCEEDING 10 WORKING DAYS. ANY REVISION IN THE PRICE BAND AND THE REVISED BID/ OFFER PERIOD, IF APPLICABLE, WILL BE WIDELY DISSEMINATED BY NOTIFICATION TO THE STOCK EXCHANGES, BY ISSUING A PUBLIC NOTICE, AND ALSO BY INDICATING THE CHANGE ON THE RESPECTIVE WEBSITES OF THE BOOK RUNNING LEAD MANAGERS AND AT THE TERMINALS OF THE SYNDICATE MEMBERS AND BY INTIMATION TO SELF-CERTIFIED SYNDICATE BANKS ( "SCSBS" ), OTHER DESIGNATED INTERMEDIARIES AND THE SPONSOR BANKS, AS APPLICABLE.

This Public announcement is being made in compliance with and in accordance with Regulation 247 of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018 which prescribe regarding public announcement to inform the public that our Company is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market condition and other considerations, to undertake initial public offering of its Equity shares of face value of Rs.10/- pursuant to the offerand has filed Draft Red Herring Prospectus dated September 29, 2025 which has been filed with the SME Platform of BSE Limited.

In relation to above, the DRHP filed with the SME Platform of BSE Limited shall be made available to the public for comments, by hosting it on the respective websites of the Stock Exchanges i.e.https://www.bsesme.com, website of the Company at https://suiv.co.in/and the websites of Book Running Lead Manager to the offeri.e.Shannon Advisors Private Limited at www.shannon.co.in("BRLM").

Our Company hereby invites the members of the public to give comments on the DRHP filed with SME Platform of BSE Limited with respect to disclosures made in the DRHP, if any for a period of at least 21 days from September 30, 2025 to October 20, 2025 on or before 5:00pm. The public are requested to send a copy of their comments to BSE and/or to the Company Secretary and Compliance officer of our Company and/or the BRLM at their respective addresses i.e. on email id of Company i.eheadoffice@suiv.co.in,or at email id of BRLM i.esme.ipo@shannon.co.in.

Investments in equity and equity related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in the offerunless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the offer. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our company and the offer, including the risk involved. The Equity shares in the offer have not been recommended or approved by SEBI, nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of DRHP. Specific attention of the investors is invited to "*Risk Factors*" beginning on page 40 of this Draft Red Herring Prospectus.

Any decision to invest in the Equity Shares described in the DRHP may only be made after the Red Herring Prospectus ("RHP") has been filed with the RoC and must be solely on the basis of such RHP as there may be material changes in the RHP from the DRHP.

For details of the main objects of our Company as contained in its Memorandum of Association, see "*History and Corporate Structure*"beginning on page 219 of this Draft Red Herring Prospectus.

The liability of the members of our Company is limited. For details of the share capital, capital structure of our company, the names of the signatories to the Memorandum of Association and the number of shares of our company subscribed by them, of our company, please see "*Capital Structure*" beginning on page 102 of this Draft Red Herring Prospectus.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER | REGISTRAR TO THE OFFER |
|---|---|
| SHANNON<br>**SHANNON ADVISORS PRIVATE LIMITED**<br>902, IX Floor, New Delhi House,<br>27, Barakhamba Road, Connaught Place,<br>New Delhi, 110001<br>**Tel: +91 11 42758011**<br>**Contact Person:** Chetna/ Rishu Goyal<br>**Email: sme.ipo@shannon.co.in**<br>**Investor Grievance Email: grievance@shannon.co.in**<br>**Website: www.shannon.co.in**<br>**SEBI Registration No.:** INM000013174 | Maashitla Creating Successful People<br>**MAASHITLA SECURITIES PRIVATE LIMITED**<br>451, Krishna Apra Business Square, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi - 110034<br>**Tel No: +91 011-47581432**<br>**E-mail Id: Investor.ipo@maashitla.com**<br>**Investor Grievance Email: Investor.ipo@maashitla.com**<br>**Website: www.maashitla.com**<br>**Contact Person:** Mr. Mukul Agrawal<br>**SEBI Registration No:** INR000004370<br>**CIN:** U67100DL2010PTC208725 |

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the DRHP dated September 29, 2025.

**SAI URJA INDO VENTURES LIMITED**
**On behalf of the Board of Directors**

**Place: Nagpur, Chandrapur**

**Date:September29, 2025**

Sd/-
**Nikesh Subhash Zade**
**Company Secretary and Compliance officer**

**Disclaimer:** - Sai Urja Indo Ventures Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares of face value of Rs.10/- each and has filed this Draft Red Herring Prospectus on September 29, 2025. The Draft Red Herring Prospectus is available on the website of BSE https://www.bsesme.com and is available on the website of BRLM i.ewww.shannon.co.in and also, on the website of the company i.ehttps://suiv.co.in/.

Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please refer to the Draft Red Herring Prospectus including the section titled "*Risk Factors*" beginning on page 40 of thisDraft Red Herring Prospectus.Potential investors should not rely on the DRHP filed with the Stock exchanges for making any investment decision, and should instead rely on the RHP, for making investment decision.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "Securities Act" ) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. State Securities laws.

This announcement has been prepared for publication in India and may not be released in the United States. This announcement does not constitute an offer of securities for sale in any jurisdiction, including the United States and any securities described in this announcement may not be offered or sold in the United States absent registration under the U.S. Securities Act of 1933,as amended or an exemption from registration. Any public offering of securities to be made in the United States will be made by means of a prospectus that may be obtained from the Company and that will contain detailed information about the Company and management, as well as financial statements. There will be no public offerings of the Equity shares in the United States.

# जरूरी हो गए हैं अपने जहाज

## रणनीतिक स्वतंत्रता के साथ ही इससे बड़ी बचत व नौकरियां मिलेंगी

■ **दिल्ली, विशेष संवाददाता.** वैश्विक शिपिंग क्षेत्र में आज भारत की भूमिका लगभग नगण्य है. देश के अधिकतर निर्यात-आयात (एक्जिम) व्यापार को विदेशी जहाजों द्वारा ढोया जाता है. भारतीय शिपयार्ड बहुत ही कम जहाजों का निर्माण कर पाते हैं.

आज देश पूरी तरह से विदेशी जहाजों पर निर्भर है. भारतीय शिपिंग बेड़ा वैश्विक डेड वेट टनेज का मात्र 1% है. डेड वेट टनेज का अर्थ है जहाज की कुल वहन क्षमता जिसमें माल, ईंधन, पानी और यात्री शामिल होते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में बताया कि भारत के रक्षा बजट के बराबर राशि हर साल माल ढुलाई पर खर्च होती है. 24 सितंबर को केंद्र सरकार ने भारत के शिपिंग क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए 69,725 करोड़ रुपये का पैकेज घोषित किया. इसका उद्देश्य वित्त की कमी, बिखरे हुए बुनियादी ढांचे और कमजोर वाणिज्यिक शिपिंग पारिस्थितिकी तंत्र जैसी पुरानी बाधाओं को दूर करके जहाज के मालिकाना हक, शिपबिल्डिंग क्लस्टर को प्रोत्साहन देने के लिए है. कुछ सप्ताह पहले ही सरकार ने बड़े जहाज बनाने के लिए बुनियादी ढांचे को समर्थन भी दिया था.

इन तीन चरणों के जरिये इसका लक्ष्य है 5.4 मिलियन ग्रॉस टन क्षमता जोड़ना, 4.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना और 30 लाख नौकरियां पैदा करना.



### हमारे पास क्षमता ही नहीं है

भारत की शिपबिल्डिंग क्षमता मात्र 0.072 मिलियन ग्रॉस टन (एमजीटी) है. यह वैश्विक क्षमता (65 एमजीटी) का बहुत छोटा हिस्सा है. मूल्य के लिहाज से यह 1.1 अरब डॉलर है. भारत में सरकारी शिपयार्ड मुख्य रूप से नौसेना के लिए जहाज बनाते है. निजी शिपयार्ड विशेष और वाणिज्यिक जहाज बनाते हैं, लेकिन उनका उत्पादन वैश्विक मानकों के करीब भी नहीं है. इस क्षेत्र को लंबे समय से बड़े वाणिज्यिक ऑर्डरों की कमी ने सीमित किया है. भारत के पास बड़े जहाज, जैसे कंटेनर वेसल (जो वैश्विक शिपयार्ड के लिए मुख्य उत्पाद हैं) बनाने की सुविधाएं नहीं हैं. उत्पादन लागत भी अधिक है और टर्नअराउंड समय चीन से तीन गुना अधिक है.

### समुद्री माल ढुलाई पर एक नजर

**4** ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है समुद्री क्षेत्र

**75** अरब डॉलर तक का भुगतान करता है हर साल भारत माल ढुलाई के लिए

**95%** सामान का व्यापार समुद्र के रास्ते होता है

**40%** था यह 1987-88 में

**5%** ही इसमें घरेलू जहाजों द्वारा ढोया जाता है

### अब क्यों बनाना चाहते हैं अपने जहाज?

पर्याप्त संख्या में भारतीय ध्वज वाले जहाजों की कमी और विदेशी शिपयार्ड पर निर्भरता से भारत की लचीली व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने की क्षमता प्रभावित होती है. जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था गति पकड़ेगी विदेशी जहाजों पर निर्भरता और बढ़ेगी व इससे उसकी रणनीतिक स्वतंत्रता प्रभावित होगी. हाल के कदमों से संकेत मिलता है कि भारत ने समझ लिया है कि देश में ही अधिक जहाजों का निर्माण करना आवश्यक है.

### वैश्विक स्तर पर शिपबिल्डिंग में कौन हावी?



- चीन अब तक का सबसे बड़ा खिलाड़ी है, जिसका वैश्विक उत्पादन के 50% से अधिक पर अधिकार है. 2024 में चीन ने 33 एमजीटी के जहाज बनाए, इसके बाद दक्षिण कोरिया (18 एमजीटी) और जापान (10 एमजीटी) रहे. ये तीनों पूर्वी एशियाई राष्ट्र वैश्विक उत्पादन का 90% हिस्सा रखते हैं.
- चीन का दबदबा जारी है. 2024 में उसने वैश्विक शिपबिल्डिंग ऑर्डर का 59% हासिल किया. भारत फिलहाल वैश्विक स्तर पर 16वें स्थान पर है और सरकार ने भारत को 2030 तक शीर्ष 10 और 2047 तक शीर्ष 4 में लाने का लक्ष्य रखा है.

# शेयर बाजार में 8 दिनों से गिरावट

## सेंसेक्स फिर 97 अंक टूटा



■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और नीतिगत दर पर रिजर्व बैंक के फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार आठवें दिन भी गिरकर बंद हुए. सेंसेक्स में 97 अंक और निफ्टी में 24 अंक की गिरावट रही. बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाकर 97.32 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,267.62 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान इसने 80,677.82 के ऊपरी और 80,201.15 के निचले स्तर को भी छुआ. यह लगातार आठवां कारोबारी सत्र रहा जिसमें सेंसेक्स नुकसान के साथ बंद हुआ. इन आठ दिनों में सेंसेक्स कुल 2,746.34 अंक यानी 3.30 प्रतिशत टूट चुका है. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 23.80 अंक यानी 0.10 प्रतिशत गिरकर 24,611.10 अंक पर बंद हुआ. विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच मौद्रिक समीक्षा के फैसले से पहले घरेलू बाजार में सतर्क धारणा हावी रही और उतार-चढ़ाव के बाद हल्की गिरावट दर्ज की गई. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा इस समय चल रही है. इस बैठक में लिउए गए फैसलों की जानकारी बुधवार को दी जाएगी.

**वैश्विक बाजार:** एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए. यूरोप के बाजारों में दोपहर कारोबार में मिला-जुला रुख देखने को मिला. सोमवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे.

**कच्चा तेल:** वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड एक प्रतिशत गिरकर 67.29 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया.

**रुपया 4 पैसे टूटकर 88.79 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर :** वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की सतत निकासी के दबाव में रुपया मंगलवार को चार पैसे टूटकर 88.79 प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ. विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने हालांकि कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और डॉलर के कमजोर रुख से स्थानीय मुद्रा में भारी गिरावट टल गई. उन्होंने साथ ही बताया कि निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति के फैसले से पहले सतर्क हैं जिसकी घोषणा बुधवार को की जाएगी.

## सोना, चांदी के भाव नए शिखर पर



राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं. अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोना 500 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 1.20 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. सोने का भाव सोमवार को 1,500 रुपये की तेजी के साथ 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था. स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह 500 रुपये की तेजी के साथ 1,19,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. पिछले बाजार सत्र में इसकी कीमत 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी. इसके अलावा मंगलवार को चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई. सोमवार को यह 7,000 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी.

### # शेयर MARKET

| | | |
|---|---|---|
| बीएसई | 80,267.62 | (▼ 97.32) |
| निफ्टी | 24,611.10 | (▼ 23.80) |
| निफ्टी IT | 33,655.10 | (▼ 37.95) |

₹ $ 88.79 (प्रति डॉलर)

| | सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) | चांदी (प्रति किग्रा) |
|---|---|---|
| नागपुर | 1,17,000 (▲) | 1,45,900 (▲) |
| मुंबई | 1,16,900 (▲) | 1,44,900 (▲) |

कच्चा तेल | 67.29 ($ प्रति बैरल)

**अंडा** महात्मा फुले मार्केट
इंग्लिश अंडा 100 नग 540

### # NEWS विंडो

#### एसबीआई कार्ड और इंडिगो के बीच करार

**मुंबई.** एसबीआई कार्ड और एयरलाइन इंडिगो ने इंडिगो ब्लूचिप लॉयल्टी प्रोग्राम के तहत इंडिगो एसबीआई कार्ड के लॉन्च की घोषणा की. इस प्रीमियम को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को दो अलग-अलग वेरिएंट, यानी इंडिगो एसबीआई कार्ड और इंडिगो एसबीआई कार्ड एलीट में लॉन्च किया गया है, ताकि अक्सर यात्रा करने वालों को शानदार रिवाड्र्स के साथ फ़ायदेमंद अनुभव मिल सके.

#### एयरटेल का स्विफ्ट से साझेदारी

**मुंबई.** एयरटेल बिज़नेस ने सटीक-लोकेशन तकनीक की अग्रणी कंपनी स्विफ्ट नेविगेशन के साथ रणनीतिक साझेदारी की है. भारत की पहली एआई, एमएल-संचालित, क्लाउड-आधारित लोकेशन सेवा – एयरटेल-स्काईलार्क प्रीसाइज़ पोज़िशनिंग सर्विस लॉन्च की जा रही है. यह सेवा सामान्य जीएनएसएस की तुलना में सटीकता को 100 गुना तक बेहतर बनाएगी.

# अब गोल्ड लोन लेना होगा आसान

## RBI ने जारी किए 7 नियम

■ **मुंबई, न्यूज एजेंसियां.** भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिए सात नए दिशानिर्देश जारी किए हैं. इनमें ब्याज दरों, गोल्ड और सिल्वर के बदले ऋण देना, और पूंजी नियमन से जुड़े नियम शामिल हैं. ये बदलाव 1 अक्तूबर 2025 से लागू होंगे. इसके साथ ही, केंद्रीय बैंक ने चार नए मसौदा दिशानिर्देश भी जारी किए हैं. माना जा रहा है कि इससे ग्राहकों के साथ-साथ बैंकों को भी फायदा होगा.

**फ्लोटिंग रेट लोन पर नई व्यवस्था :** आरबीआई ने इंटरेस्ट रेट ऑन एडवांसेज (संशोधन निर्देश) 2025 के तहत फ्लोटिंग रेट लोन के नियम बदले हैं. अभी तक बैंक तीन साल में ही स्प्रेड बदल सकते थे, लेकिन अब उधारकर्ताओं के हित में यह पहले भी कम किया जा सकेगा.



साथ ही ईएमआई आधारित पर्सनल लोन पर रीसेट के समय फिक्स्ड रेट में बदलने का विकल्प अब अनिवार्य न होकर बैंकों के विवेक पर होगा.

**गोल्ड और सिल्वर के बदले कर्ज :** सोने और चांदी के बदले ऋण (प्रथम संशोधन निर्देश), 2025 के तहत अब सिर्फ ज्वैलर्स ही नहीं, बल्कि वे उद्योग भी पात्र होंगे जो सोने का इस्तेमाल कच्चे माल के रूप में करते हैं. इसके अलावा टियर-3 और टियर-4 शहरी सहकारी बैंकों को भी इस तरह के ऋण देने की अनुमति दी गई है.

### पूंजी नियमन में संशोधन

बेसल-III कैपिटल रेगुलेशंस के तहत परपेचुअल डेट इंस्ट्रूमेंट्स और विदेशी मुद्रा या रुपया मूल्यवर्ग बांडों पर नियम स्पष्ट किए गए हैं. ये केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) पर लागू होंगे. गोल्ड मेटल लोन, ज्वैलर्स के लिए पुनर्भुगतान अवधि 180 दिन से बढ़ाकर 270 दिन, साथ ही ऐसे गैर-निर्माताओं को भी अनुमति जो आभूषण उत्पादन आउटसोर्स करते हैं.

# TIET का उच्च शिक्षा पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

■ **पटियाला, नवभारत कनेक्ट.** थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईईटी) ने राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), चंडीगढ़ के सहयोग से भविष्य के लिए 'उच्च शिक्षा में परिवर्तन : शिक्षा 4.0' (टीएचईसी 2025) पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया. अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत और विदेश से प्राप्त 173 शोध पत्रों के साथ उल्लेखनीय भागीदारी थी जिनमें से 63% का चयन स्वतंत्र विशेषज्ञों और अंतरराष्ट्रीय रेफरी द्वारा कठोर समीक्षा के बाद किया गया था. तकनीकी सत्र की प्रस्तुतियों के बाद 12 शोधपत्र अपनी गहनता, मौलिकता और संभावित प्रभाव के लिए उल्लेखनीय रहे और उन्हें इस क्षेत्र में सराहनीय योगदान के रूप में मान्यता दी गई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि, आईआईटी खड़गपुर की निदेशक प्रो. सुमन चक्रवर्ती उपस्थित रहीं. उन्होंने छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने में उच्च शिक्षा की तेज़ी से बदलती भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित किया.



दि. 30/09/2025

**नगर परिषद कार्यालय चांदूर बाजार**
**जि. अमरावती**

**सार्वत्रिक निवडणूक-2025**
**अंतिम प्रभाग रचना प्रसिध्दीबाबत जाहीर सुचना**

चांदूर बाजार नगर परिषद क्षेत्रातील सर्व नागरीकांना कळविण्यात येते की, चांदूर बाजार नगर परिषद सार्वत्रिक निवडणूक 2025 साठी अंतिम प्रभाग रचना अधिसूचना (परिशिष्ट क्र. 14 आणि 15) दिनांक 30/09/2025 रोजी प्रसिध्द करण्यात आलेली आहे. ही अधिसूचना नगर परिषद कार्यालयाच्या नोटीस बोर्डवर तसेच नगर परिषदेच्या अधिकृत वेबसाईटवर पाहण्यास उपलब्ध आहे.

सुचना नियमानुसार अंतिम प्रभाग रचनेबाबत कोणतेही हरकती किंवा सुचना स्विकारल्या जाणार नाहीत.

(गीता ठाकरे)
मुख्याधिकारी
नगर परिषद चांदूर बाजार

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

**भारत सरकार 03 अक्टूबर 2025 को ₹32,000 करोड़ के लिए प्रतिभूति की बिक्री की घोषणा**

भारत सरकार ने निम्नलिखित दिनांकित प्रतिभूति की बिक्री (निर्गम) की घोषणा की है:

| क्र. सं. | प्रतिभूतियों के नाम | अधिसूचित राशि सांकेतिक (₹करोड़ में) | खुदरा निवेशकों के लिए निर्धारित (₹करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1. | नई सरकारी प्रतिभूति 2035 | 32,000 | 1,600 |

स्टॉक की बिक्री 26 मार्च 2025 को जारी सामान्य अधिसूचना एफ.स.4(2)-बी(डब्ल्यूएंड एम)/2018 और इस संबंध में जारी विशिष्ट अधिसूचना में निर्दिष्ट नियम और शर्तों के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई कार्यालय, फोर्ट, मुंबई - 400001 के माध्यम से की जाएगी।

यह नीलामी **विविध मूल्य पद्धति** का प्रयोग करके **03 अक्टूबर 2025 (शुक्रवार)** को आयोजित की जाएगी। परिणाम उसी दिन घोषित किया जाएगा और सफल बोली लगाने वालों को **06 अक्टूबर 2025 (सोमवार)** को भुगतान करना होगा।


खुदरा निवेशक गैर-प्रतिस्पर्धी बोली सुविधा योजना के अनुसार गैर-प्रतिस्पर्धी आधार पर नीलामी में भाग ले सकते हैं। व्यक्तिगत निवेशक रिटेल डायरेक्ट पोर्टल **(https://rbiretaildirect.org.in)** के माध्यम से भी बोलियाँ लगा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर जारी **दिनांक 29 सितंबर 2025** की प्रेस प्रकाशनी देखें।

**सरकारी प्रतिभूतियां सुरक्षा, चलनिधि तथा दीर्घावधि के लिए आकर्षक प्रतिफल प्रदान करती हैं।**

''पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं''

**एमनेस्टी योजना 2025**
**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**



31 मार्च 2025 तक दर्ज मामलों पर लागू

**01 अक्टूबर 2025 – 30 सितम्बर 2026**

**क्यों लाई गई यह योजना?**
- कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के तहत लंबे समय से **लंबित मामलों को निपटाने** का एकमात्र अवसर।
- मुकदमेबाजी घटेगी और **कानूनी खर्चों** में बचत होगी।
- क.रा.बी. निगम, नियोक्ताओं और बीमाकृत व्यक्तियों के बीच **विश्वास और सौहार्द** को बढ़ावा।

**किसे मिलेगा लाभ?**
- **नियोक्ताओं (Employers) को:** क.रा.बी. अधिनियम की धाराएं 75, 82, 85, 85ए एवं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के अंतर्गत वाले विवादों में।
- **कर्मचारियों / बीमाकृत व्यक्तियों (Employees / Insured Persons):** धारा 84 के अधीन मामलों में (अधिक भुगतान वापसी)।
- **इकाइयों को:** रिटर्न जमा न करने, देरी से घोषणा पत्र जमा करने या पुराने मामलों में मामूली बकायों में।

**आवेदन कैसे करें?**
- अधिक सहायता/जानकारी के लिए अपने नजदीकी क्षेत्रीय / उप-क्षेत्रीय कार्यालय (RO/SRO) में संपर्क करें।
- आवश्यक दस्तावेज़ एवं भविष्य में अनुपालन का वचन पत्र जमा करें।
- **कॉल करें:** टोल-फ्री हेल्पलाइन: **1800-11-2526**

**योजना में क्या शामिल है?**
- **व्याप्ति के विवाद (Dispute of Coverage):** अंशदान + ब्याज का भुगतान करें; कोई हर्जाना नहीं।
- **अंशदान विवाद (Dispute of Contribution):** सुसंगत दस्तावेज न होने पर न्यूनतम 30% का भुगतान।
- **हर्जानों का विवाद (Disputed Levy of Damages):** यदि अंशदान और ब्याज पहले ही जमा, तो केवल 10% हर्जाने का भुगतान।
- **अभियोजन की वापसी (Withdrawal of Prosecution):** धारा 84, 85 एवं 85ए के मामले, अनुपालनाधीन।
- **पुराने मामले (Old Cases):** 15 वर्ष से अधिक पुराने एवं ₹25,000 से कम बकाया वाले मामले बंद किए जा सकते हैं।
- **विलंबित रिटर्न/घोषणा (Late Returns/ Declarations):** अनुपालन पश्चात् मामले को बंद कर सकते हैं।

**योजना से जुड़ने के लाभ**
- **लंबित मुकदमों** से राहत।
- अधिकांश मामलों में **भारी हर्जानों से छूट।**
- **पारदर्शी एवं न्यायपूर्ण** निपटान प्रक्रिया।
- मामले **6 महीने** के भीतर निपटाए जाएंगे।
- नियोक्ताओं एवं कामगारों को मानसिक शांति।

(क्यूआर कोड स्कैन करें)
हमें फॉलो करें

**इस अवसर को छूटने न दें, आज ही विवादों का समाधान करें, कल को सुरक्षित बनाएं!**

esic.gov.in @esichq @esichq @esichq @esichq @esichq @esichq

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSE ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE FOR UNITS OR SECURITIES UNDER THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018 AS AMENDED ("SEBI ICDR REGULATIONS").

**NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.**

**INITIAL PUBLIC OFFERING OF EQUITY SHARES ON THE SME PLATFORM OF BSE LIMITED(AS DEFINED INTHE DRHP) IN COMPLIANCE WITH THE CHAPTER IX OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATION, 2018, AS AMENDED ("SEBI ICDR REGULATIONS")**

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

SUIV REDEFINING POWER

**Sai Urja Indo Ventures Limited**
CIN:U74900MH2012PLC231235

Our Company was incorporated as "Sai Urja Indo Ventures Private Limited" under the provisions of the Companies Act, 1956, pursuant to Certificate of Incorporation dated May 17, 2012 issued by the Registrar of Companies, Maharashtra, Mumbai. Upon the conversion of our Company into a public limited company under the provisions of the Companies Act pursuant to a resolution passed by our Board on January 13, 2025 and by our Shareholders on January 14, 2025, the name of our Company was changed to "Sai Urja Indo Ventures Limited" and a fresh Certificate of Incorporation dated February 06, 2025 was issued by the Registrar of Companies, Central Processing Centre bearing CIN U74900MH2012PLC231235. The registered office of our company is situated at UG-2 Office Floor, J. K. Complex, Nanaji Nagar Nagpur Road, Chandrapur, Maharashtra, India, 442401. For further details of our Company, please refer to chapter titled "*General Information*" and "*History and Corporate Structure*"beginning on page 90 and 219 respectively of this Draft Red Herring ProspectusSeptember 29, 2025.

**Registered Office:**UG-2 Office Floor, J. K. Complex, Nanaji Nagar Nagpur Road, Chandrapur, Chandrapur, Maharashtra, India, 442401
**Corporate Office:**Shop No G 14 and G 15 Jayanti Nagari IV, BesaRoad Manish Nagar, Besa Road, Nagpur, Maharashtra, India, 440037
**Telephone:** +919960815166; **E-mail**:headoffice@suiv.co.in;**Website**: https://suiv.co.in/;
**Contact Person:**Nikesh Subhash Zade, Company Secretary and Compliance officer

**THE PROMOTERS OF OUR COMPANY ARE HARSH AJAYKUMAR MITTAL AND SANTOSH AJAY KUMAR MITTAL**

INITIAL PUBLIC OFFER OF UP TO 33,78,000 EQUITY SHARES FACE VALUE OF RS. 10/- EACHOF SAI URJA INDO VENTURES LIMITED FOR CASH AT AN OFFER PRICE OF RS. [•] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE), AGGREGATING UP TO RS. [•] LAKHS, COMPRISING OF A FRESH ISSUE OF UP TO 30,66,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS.10/- EACH AGGREGATING TO RS. [•] LAKHS BY OUR COMPANY AND AN OFFER FOR SALE OF UP TO 3,12,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS.10/-EACH BY SANTOSH AJAY KUMAR MITTAL AND HARSH AJAYKUMAR MITTALAGGREGATING (PROMOTER SELLING SHAREHOLDERS)UP TO RS. [•] LAKHS OUT OF THE OFFER UP TO [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE RS. 10/- EACH, AT AN OFFER PRICE OF RS. [•] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING TO RS. [•] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE OFFER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE OFFER LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. OFFER OF [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS. 10/- EACH, AT AN OFFER PRICE OF RS. [•] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING TO RS. [•] LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET OFFER". THE OFFER AND THE NET OFFER WILL CONSTITUTE [•] % AND [•] %, RESPECTIVELY OF THE POST OFFER PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. FOR FURTHER DETAILS, PLEASE REFER TO SECTION TITLED "*TERMS OF THE OFFER*" BEGINNING ON PAGE 371 OF DRAFT RED HERRING PROSPECTUS.

THE PRICE BAND AND THE MINIMUM BID LOT WILL BE DECIDED BY OUR COMPANY IN CONSULTATION WITH THE BOOK RUNNING LEAD MANAGER ("BRLM") AND WILL BE ADVERTISED[•] IN ALL EDITIONS OF [•], [•] (A WIDELY CIRCULATED ENGLISH NATIONAL DAILY NEWSPAPER) AND [•] (A WIDELY CIRCULATED HINDI NATIONAL DAILY NEWSPAPER) AND [•] (A WIDELY CIRCULATED MARATHI NATIONAL DAILY NEWSPAPER) WHERE OUR REGISTERED OFFICE IS LOCATED), AT LEAST TWO WORKING DAYS PRIOR TO THE BID/OFFER OPENING DATE AND SHALL BE MADE AVAILABLE TO THE SME PLATFORM OF BSE LIMITED ("BSE SME") FOR THE PURPOSES OF UPLOADING ON THEIR RESPECTIVE WEBSITES IN ACCORDANCE WITH SEBI ICDR REGULATIONS.

IN CASE OF ANY REVISION TO THE PRICE BAND, THE BID/ OFFER PERIOD WILL BE EXTENDED BY AT LEAST THREE ADDITIONAL WORKING DAYS FOLLOWING SUCH REVISION OF THE PRICE BAND, SUBJECT TO THE BID/ OFFER PERIOD NOT EXCEEDING 10 WORKING DAYS. IN CASES OF FORCE MAJEURE, BANKING STRIKE OR SIMILAR UNFORESEEN CIRCUMSTANCES, OUR COMPANY, IN CONSULTATION WITH THE BOOK RUNNING LEAD MANAGERS, FOR REASONS TO BE RECORDED IN WRITING, EXTEND THE BID/ OFFER PERIOD FOR A MINIMUM OF ONE WORKING DAYS, SUBJECT TO THE BID/ OFFER PERIOD NOT EXCEEDING 10 WORKING DAYS. ANY REVISION IN THE PRICE BAND AND THE REVISED BID/ OFFER PERIOD, IF APPLICABLE, WILL BE WIDELY DISSEMINATED BY NOTIFICATION TO THE STOCK EXCHANGES, BY ISSUING A PUBLIC NOTICE, AND ALSO BY INDICATING THE CHANGE ON THE RESPECTIVE WEBSITES OF THE BOOK RUNNING LEAD MANAGERS AND AT THE TERMINALS OF THE SYNDICATE MEMBERS AND BY INTIMATION TO SELF-CERTIFIED SYNDICATE BANKS ("SCSBS"), OTHER DESIGNATED INTERMEDIARIES AND THE SPONSOR BANKS, AS APPLICABLE.

This Public announcement is being made in compliance with and in accordance with Regulation 247 of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018 which prescribe regarding public announcement to inform the public that our Company is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market condition and other considerations, to undertake initial public offering of its Equity shares of face value of Rs.10/- pursuant to the offerand has filed Draft Red Herring Prospectus dated September 29, 2025 which has been filed with the SME Platform of BSE Limited.

In relation to above, the DRHP filed with the SME Platform of BSE Limited shall be made available to the public for comments, by hosting it on the respective websites of the Stock Exchanges i.e.https://www.bsesme.com, website of the Company at https://suiv.co.in/and the websites of Book Running Lead Manager to the offeri.e.Shannon Advisors Private Limited at www.shannon.co.in("BRLM").

Our Company hereby invites the members of the public to give comments on the DRHP filed with SME Platform of BSE Limited with respect to disclosures made in the DRHP, if any for a period of at least 21 days from September 30, 2025 to October 20, 2025 on or before 5:00pm. The public are requested to send a copy of their comments to BSE and/or to the Company Secretary and Compliance officer of our Company and/or the BRLM at their respective addresses i.e. on email id of Company i.cheadoffice@suiv.co.in,or at email id of BRLM i.esme.ipo@shannon.co.in.

Investments in equity and equity related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in the offerunless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the offer. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our company and the offer, including the risk involved. The Equity shares in the offer have not been recommended or approved by SEBI, nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of DRHP. Specific attention of the investors is invited to "*Risk Factors*" beginning on page 40 of this Draft Red Herring Prospectus.

Any decision to invest in the Equity Shares described in the DRHP may only be made after the Red Herring Prospectus ("RHP") has been filed with the RoC and must be solely on the basis of such RHP as there may be material changes in the RHP from the DRHP.

For details of the main objects of our Company as contained in its Memorandum of Association, see "*History and Corporate Structure*"beginning on page 219 of this Draft Red Herring Prospectus.

The liability of the members of our Company is limited. For details of the share capital, capital structure of our company, the names of the signatories to the Memorandum of Association and the number of shares of our company subscribed by them, of our company, please see "*Capital Structure*" beginning on page 102 of this Draft Red Herring Prospectus.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER | REGISTRAR TO THE OFFER |
|---|---|
| SHANNON<br>**SHANNON ADVISORS PRIVATE LIMITED**<br>902, IX Floor, New Delhi House,<br>27, Barakhamba Road, Connaught Place,<br>New Delhi, 110001<br>**Tel: +91 11 42758011**<br>**Contact Person:** Chetna/ Rishu Goyal<br>**Email: sme.ipo@shannon.co.in**<br>**Investor Grievance Email: grievance@shannon.co.in**<br>**Website: www.shannon.co.in**<br>**SEBI Registration No.:** INM000013174 | Maashitla Creating Successful People<br>**MAASHITLA SECURITIES PRIVATE LIMITED**<br>451, Krishna Apra Business Square, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi - 110034<br>**Tel No: +91 011-47581432**<br>**E-mail Id: Investor.ipo@maashitla.com**<br>**Investor Grievance Email: Investor.ipo@maashitla.com**<br>**Website: www.maashitla.com**<br>**Contact Person:** Mr. Mukul Agrawal<br>**SEBI Registration No:** INR000004370<br>**CIN:** U67100DL2010PTC208725 |

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the DRHP dated September 29, 2025.

**SAI URJA INDO VENTURES LIMITED**
**On behalf of the Board of Directors**

**Place: Nagpur, Chandrapur**

**Date:September29, 2025**

Sd/-
**Nikesh Subhash Zade**
**Company Secretary and Compliance officer**

**Disclaimer:** - Sai Urja Indo Ventures Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares of face value of Rs.10/- each and has filed this Draft Red Herring Prospectus on September 29, 2025. The Draft Red Herring Prospectus is available on the website of BSE https://www.bsesme.com and is available on the website of BRLM i.ewww.shannon.co.in and also, on the website of the company i.ehttps://suiv.co.in/.

Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please refer to the Draft Red Herring Prospectus including the section titled "*Risk Factors*" beginning on page 40 of thisDraft Red Herring Prospectus.Potential investors should not rely on the DRHP filed with the Stock exchanges for making any investment decision, and should instead rely on the RHP, for making investment decision.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "Securities Act") or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. State Securities laws.

This announcement has been prepared for publication in India and may not be released in the United States. This announcement does not constitute an offer of securities for sale in any jurisdiction, including the United States and any securities described in this announcement may not be offered or sold in the United States absent registration under the U.S. Securities Act of 1933,as amended or an exemption from registration. Any public offering of securities to be made in the United States will be made by means of a prospectus that may be obtained from the Company and that will contain detailed information about the Company and management, as well as financial statements. There will be no public offerings of the Equity shares in the United States.

CMYK